प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-44
23/01/2018

मुख्यमंत्री ने स्व0 तारावती चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी

पटना, 23 जनवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज दरभंगा जिला के न्यू बलभद्रपुर में पूर्व विधान पार्षद श्री बिनोद चौधरी के आवास पर जाकर उनकी माता जी स्व0 तारावती चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व0 तारावती चौधरी के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री अर्जुन सहनी, पत्रकार श्री अजय चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******